दिनांक: 18.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी ने कल विधानसभा में बजट बहस का जवाब देते हुए सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन सहित 238 नई घोषणाएं कीं।
- प्रदेश में खाद्य सुरक्षा योजना में 75 लाख नये लाभार्थियों के नाम जोड़े गये।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की वार्ता के बाद '**विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी**' की घोषणा।
- जयपुर, जोधपुर, बीकानेर और अजमेर में कई जगह गरज के साथ हल्की बारिश–20 जिलों में आज भी बरसात का अलर्ट।

..................

उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी ने विधानसभा में राज्य बजट 2026–27 पर हुई बहस का जवाब देते हुए कल शाम कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इनमें पेयजल, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन सहित अन्य क्षेत्रों की 238 नई घोषणाएं शामिल हैं। इनमें सबसे अधिक 133 सड़क परियोजनाओं से संबंधित हैं। दिया कुमारी ने बजट को विकसित राजस्थान का ब्लू प्रिंट बताया। वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार राजस्व आय बढ़ाने का प्रयास कर रही है। वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए राजकोषीय घाटा–जीएसडीपी का तीन दशमलव छह नौ प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 690 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण का ऐलान किया।

.............

पुरानी पेयजल पाइपलाइन बदलने और पीने के पानी के 370 करोड़ रुपये के कामों की घोषणा की गई।

.............

कार्मिक कल्याण को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने कहा कि अब राज्य के सभी कर्मचारियों को एक्टेंडेड इंश्योरेंस मेच्योरिटी के साथ अधिवार्षिकी सेवानिवृति तारीख तक बीमा कवर उपलब्ध करवाया जाएगा। एक लाख बालिकाओं और महिलाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। एमएसएमई के नए आवेदन अब जिला उद्योग केंद्र में प्रोसेस होंगे। स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देते हुए वित्तमंत्री ने विभिन्न जिलों में नये उपस्वास्थ्य केन्द्र खोलने की घोषणा की। 75 हजार स्कूली बच्चों की नेत्र जांच कर चश्मे वितरित किए जाएंगे। कोटा के मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी सुविधा शुरू की जाएगी और अस्पतालों में 25 करोड़ रुपये के काम होंगे। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, कोटा में नए कोर्स शुरू किए जाएंगे और केंद्र के सहयोग से इसे एआई हब के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। अंबेडकर और ओबीसी छात्रावासों में सीटें बढ़ाई जाएंगी। रामगढ़ विषधारी अभयारण्य में सफारी सुविधाओं पर 25 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। नए पशु चिकित्सालय और सब सेंटर खोले जाएंगे। बीकानेर के लूणकरणसर में मिनी सचिवालय तथा लूणी में नया पुलिस थाना खोला जाएगा।

..................

विधानसभा में आज अनुदान मांगों पर चर्चा शुरू होगी। आज चिकित्सा और चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से अनुदान मांगें रखी जाएंगी। सदन की कार्यवाही प्रश्नाकल के साथ शुरू होगी। इसके अलावा विधायक श्रीचंद कृपलानी और रतन देवासी की ओर से ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखे जाएंगे। साथ ही सदन के पटल पर नगरीय विकास विभाग सहित कई अधिसूचनाएं रखी जाएंगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का बजट भाषण 27 फरवरी को होगा। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2026–27 का राज्य बजट पारित करवाया जाएगा।

..................

प्रदेश में गाय को राज्य माता का दर्जा देने के मुद्दे पर अध्ययन किया जाएगा। गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कल विधानसभा में कहा कि इसके लिए महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से रिकॉर्ड मंगवाकर परीक्षण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों के मॉडल के अध्ययन के बाद ही राजस्थान में गाय को राज्य माता का दर्जा देने के बारे में विधिक और प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

.................

प्रदेश में खाद्य सुरक्षा योजना में 75 लाख नये लाभार्थियों के नाम जोड़े गये हैं। इससे जरूरतमंद परिवारों को राहत मिली है। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि सरकार ने पिछले साल 26 जनवरी से नये पात्र व्यक्तियों के नाम जोड़ने के लिए खाद्य सुरक्षा पोर्टल खोला था। उन्होंने कहा कि सरकार का ये प्रयास है कि प्रदेश में कोई भी पात्र व्यक्ति खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। इसके साथ ही लाभार्थियों की ई के वाई सी में तकनीकी समस्याओं को भी जल्द दूर किया जाए।

................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की वार्ता के बाद '**विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी**' की घोषणा हुई है। दोनों देशों ने रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों सहित प्रमुख क्षेत्रों में 21 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री मोदी ने भारत में एयरबस एच–125 हेलीकॉप्टर का निर्माण करने की घोषणा की। उन्होंने इसके लिए फाइनल असेंबली लाइन संयंत्र के उद्घाटन को "मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड" का बड़ा उदाहरण बताया।

....................

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल शाम मौसम बदला और जयपुर, जोधपुर, अजमेर और बीकानेर संभाग में कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। इससे तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। करौली, पाली, जैसलमेर, बाड़मेर, भरतपुर और कोटा सहित अन्य स्थानों पर आज भी बादल छाये हुए हैं और ठंडी हवाओं का दौर जारी है। कहीं–कहीं बूंदाबांदी और हल्की बरसात का सिलसिला भी बना हुआ है। मौसम विभाग ने आज 20 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।
बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इन स्थानों पर कहीं–कहीं 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और ओले गिरने के भी आसार हैं। इस बीच, भीलवाड़ा जिले में बीती रात कई जगह रिमझिम तो कुछ स्थानों पर मूसलाधार बरसात हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि तेज हवा के साथ हुई बारिश से गेहूं और जौ की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

............

रमजान के पवित्र महीने की शुरूआत आज चांद दिखने पर होगी। इसके बाद कल पहला रोजा रखा जाएगा। हिलाल कमेटी की ओर से इसका ऐलान किया जाएगा। इस बीच, मुस्लिम समुदाय में खुशी की माहौल है और रमजान की तैयारियां तेज हो गई हैं। लोग खजूर, फल और अन्य खाने–पीने की चीजों की खरीदारी में जुटे हैं।

...........